कार्यालय पुलिस उपायुक्त यातायात जयपुर

क्रमांकः-ई-मेल **दिनांकः-24.09.2020**

श्रीमान् अति. महानिदेशक पुलिस,
(अपराध शाखा) राजस्थान जयपुर।

विषयः- सीएम हेल्पलाईन 181 परिवादी श्री ज्ञानेश कुमार के संबंध में।
प्रसंगः- सीएम हेल्पलाईन संख्या 09200678615890 दिनांक 15.09.2020 के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं प्रसंगीय पत्र के सन्दर्भ में निवेदन है कि सी.एम. हैल्पलाईन 181 परिवादी श्री ज्ञानेश कुमार द्वारा प्रेषित परिवाद की जांच अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात (उत्तर) जयपुर से करवाई गई। मुताबिक जांच रिपोर्ट सीकर रोड पर रोड नम्बर 01 से भवानी निकेतन तक यातायात का काफी दबाव रहता है जिससे दुर्घटना होने की सम्भावना बनी रहती है भवानी निकेतन से खेतान चौराहे तक की सडक को ब्लैक स्पॉट के रूप में चयनित किया हुआ है। ढेहर के बालाजी चौराहा पर बीआरटीएस कॉरीडोर से आने वाले वाहनो की गति बहुत अधिक रहती है जिससे अक्सर चौराहा पर रोड क्रोस करते समय दुर्घटना घटित होती है। उक्त चौराहे पर वाहनो की गति नियन्त्रित हेतु अस्थाई बेरिकेटिंग करवाई गई है। उक्त ब्लैक स्पॉट पर सडक दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु सम्बन्धित एजेन्सियो को समय-समय पर पत्राचार किया जाकर टुटी सडक की मरम्मत करवाई गई, लेन सिस्टम की पालना हेतु पीली पट्टी तथा जेब्रा लाईन बनवाई गई। भवानी निकेतन से खेतान चौराहे तक सीकर रोड पर मिलने वाली लिंक रोडो पर स्पीड ब्रेकर बनवाये जाने हेतु सम्बन्धित एजेन्सियो से पत्राचार किया जाकर सुधार कार्य करवाये जाने के प्रयास जारी है तथा वाहन चालको द्वारा गलत दिशा में वाहन चलाने से रोकने के उपाय किये जा रहे है।

रिपोर्ट श्रीमान की सेवामें प्रेषित है।

भवदीय

सहायक पुलिस आयुक्त (प्रोटोकॉल)
नोडल अधिकारी यातायात जयपुर